प्रकाशन हेतु अनुमोदित

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर

आदेश सुरक्षित करने का दिनाँक - 07.01.2025
आदेश पारित करने का दिनाँक-21.03.2025

दांडिक पुनरीक्षण क्रमांक - 841/2018

छेदीलाल जायसवाल, आत्मज देवी प्रसाद जायसवाल, आयु लगभग 54 वर्ष व्यवसाय- सेवा, वर्तमान में सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग कोरिया के पद पर पदस्थ, निवासी ऑफिसर्स कॉलोनी, बैकुंठपुर, जिला कोरिया, स्थायी पता ए-25 सोनगंगा कॉलोनी, सीपत रोड जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़

---आवेदक

बनाम

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

छत्तीसगढ़ राज्य, द्वारा थाना प्रभारी, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय बिलासपुर, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़

---उत्तरदाता

(वाद शीर्षक प्रकरण सूचना प्रणाली से लिया गया है)

आवेदक की ओर से- श्री राजीव श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता सह सुश्री काजल चंद्रा, अधिवक्ता

उत्तरदाता/राज्य की ओर से- श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, शासकीय अधिवक्ता

माननीय न्यायमूर्ति श्री रविन्द्र कुमार अग्रवाल
सी.ए.वी आदेश

1. यह दांडिक पुनरीक्षण विद्वान विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), बलरामपुर, रामानुजगंज द्वारा विशेष दांडिक प्रकरण क्रमांक -1/2017 में पारित आदेश दिनांक 27.06.2018 के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है, जिसके तहत विद्वान विचारण न्यायालय ने आवेदक के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी के तहत आरोप विरचित किया है।

2. मामले का तथ्य यह हैं कि आवेदक अपराध क्रमांक-114/1998 जो धारा 13(1)(डी), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988, तथा धारा 120-ख भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत थाना, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/आर्थिक अपराध विभाग (जिसे आगे "एसीबी/ईओडब्ल्यू" कहा जाएगा) बिलासपुर इकाई, में दर्ज किया गया है, का अभियुक्त है। विवेचना के पश्चात, विद्वान विचारण

न्यायालय के समक्ष आरोप-पत्र प्रस्तुत किया गया है, जहां विशेष आपराधिक प्रकरण क्रमांक 01/2017 विचाराधीन है।

3. वर्तमान आवेदक पर आरोप है कि दिनांक 27-07-1996 को आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, वाड्रफनगर, जिला सरगुजा के पद पर पदस्थ था। वर्ष 1998 में राज्य द्वारा जनपद पंचायत वाड्रफनगर में शिक्षाकर्मी ग्रेड-III के लिए एक भर्ती प्रक्रिया प्रकाशित की गई थी, जिसे 'छत्तीसगढ़ पंचायत शिक्षाकर्मी (भर्ती एवं शर्ते) नियम, 1998 (संक्षेप में 'नियम, 1998') कहा गया था। आरोप है कि शिक्षाकर्मी ग्रेड-III की उक्त भर्ती प्रक्रिया में अधिकारियों द्वारा अपने चहेते उम्मीदवारों जिनका मेरिट सूची में स्थान नहीं था, को बिना किसी योग्यता के लाभ देकर नियुक्त करने में अनियमितताएं कारित किया गया था और उन्हें अविधिक रूप से बाहरी लाभ के लिए चयनित किया गया है। अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों का भी चयन किया है, जो कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 40 (सी) का उल्लंघन है। अपात्र अभ्यर्थियों को उनके अनुभव के आधार पर अधिक अंक देकर चयन किया गया है, साक्षात्कार में आवंटित अंकों में हेर-फेर किया गया है तथा वे स्वयं उस साक्षात्कार समिति में थे, जिसमें उनके रिश्तेदार अभ्यर्थी थे तथा चयन नियमों का पालन नहीं किया गया है तथा निष्पक्ष चयन प्रक्रिया नहीं अपनाया गया है, इस प्रकार अभियुक्तगण ने अपराध किया है।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

4. कलेक्टर, सरगुजा ने जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित किया , जिसमें उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सरगुजा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), वाड्रफनगर, जिला सरगुजा, प्रभारी संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, सरगुजा तथा सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सरगुजा शामिल हैं। उन्होंने आरोप की जांच की, शिकायत सही पाया गया और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किया कि शिक्षाकर्मी ग्रेड-III की चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं और अवैधताएं हैं। इसके बाद, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी/ईओडब्ल्यू बिलासपुर ने एसीबी/ईओडब्ल्यू, बिलासपुर में अपराध क्रमांक 114/1998 का अपराध दर्ज किया और मामले की जांच प्रारंभ किया। जांच के दौरान पाया गया कि वर्तमान आवेदक, जो तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, वाड्रफनगर थे, अन्य नौ अभियुक्तगणों के साथ, जो चयन समिति के सदस्य थे, ने निष्पक्ष चयन प्रक्रिया का पालन नहीं किया था; साक्षात्कार के अंक केवल एक व्यक्ति द्वारा दिए गए थे, अनुसूचित जाति वर्ग की सूची में, 3 पदों के लिए कुल 10 उम्मीदवारों को चयनित किया गया था, लेकिन बाबूलाल का नाम ग्यारहवें नंबर पर जोड़ा गया था; अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) वर्ग की सूची में विमला वर्मा, माला पटेल, कुमुद और कु. अर्चना के स्थान पर चार अन्य अभ्यर्थियों सावित्री, अंजलि, संगीता और सविता के नाम प्रतिस्थापित किये गये थे। अभ्यर्थी राजकुमार कुशवाहा के पास केवल एक वर्ष का अनुभव था और उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (पुरुष) श्रेणी में 9 अंकों के स्थान पर 17 अंक आवंटित किये गये थे। कु. अंजू तिवारी, कु. शशि किरण, लता जायसवाल, शांति जायसवाल, अनिल कुमार वर्मा, कु. शशिबाला, आत्मज एल.पी वर्मा चयन समिति के सदस्यों सिद्धनाथ तिवारी, एन के भगत, छेद्दीलाल जायसवाल (वर्तमान आवेदक) और सीताराम कुशवाहा के रिश्तेदार थे। और उन्हें साक्षात्कार में अधिक अंक दिया गया था। विवेचना के बाद अभियोजन की अनुमति प्राप्त किया गया और विवेचना पूर्ण होने के बाद, कुल 10 आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी), और 13(2) और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ख के तहत अपराध के लिए विद्वान विचारण न्यायालय के समक्ष अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

5. विद्वान विचारण न्यायालय ने आवेदक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ख के तहत अपराध के लिए दिनांक 27-06-2018 के आदेश के तहत आरोप विरचित किया, जिसे आवेदक द्वारा प्रस्तुत वर्तमान दांडिक पुनरीक्षण में चुनौती दिया गया है।

6. आवेदक के विद्वान अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया कि आवेदक को केवल अनुमानों के आधार पर अपराध में झूठा फंसाया गया है। सम्पूर्ण आरोप-पत्र में उनके विरुद्ध कोई प्रथम दृष्टया साक्ष्य नहीं है, जिससे कथित आरोप को प्रमाणित किया जा सके। आवेदक तत्कालीन सीईओ होने के कारण उन्होंने आदेश पारित कर चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। तत्पश्चात उनका वाड्रफनगर से स्थानांतरण कर दिया गया। वर्तमान आवेदक के विरुद्ध आरोप है कि लता जायसवाल को नियुक्ति दी गई है, जो उनकी रिश्तेदार है, उनके साक्षात्कार में आवेदक साक्षात्कार बोर्ड का सदस्य नहीं था। आवेदक एससी/एसटी अभ्यर्थियों के साक्षात्कार बोर्ड का सदस्य था, जिसमें किसी भी अनियमितता या अवैधता का आरोप नहीं है। अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश को किसी भी फोरम द्वारा निरस्त नहीं किया गया है। आवेदक के विरुद्ध लगाए गए आरोप सामान्य और अस्पष्ट हैं। आवेदक का स्थानांतरण दिनांक 27-07-1996 को सीईओ जनपद पंचायत वाड्रफनगर के पद पर में हुआ था। दिनांक 18-05-1998 को विभिन्न विषयों में शिक्षाकर्मी ग्रेड-**III** के कुल 99 पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया था । दिनांक 06-06-1998 को जनपद पंचायत वाड्रफनगर द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया तथा चयन समिति का गठन किया गया। आवेदक भी उक्त समिति का सदस्य थे। दिनांक 09-06-1998 को पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया गया। दिनांक 23-06-1998 से 24-06-1998 तक साक्षात्कार आयोजित किये गये तथा दिनांक 24-06-1998 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया। आवेदक ने दिनांक 24-06-1998 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिया था। दिनांक 25-06-1998 को अन्य पिछड़ा वर्ग वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया तथा आवेदक उक्त साक्षात्कार बोर्ड का हिस्सा नहीं थे । दिनांक 29-06-1998 को अनारक्षित महिला वर्ग के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया। दिनांक 25-07-1998 को पात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची तैयार कर प्रकाशित किया गया। आवेदक ने जनपद पंचायत के सीईओ होने के नाते दिनांक 25-07-1998 से 31-07-1998 तक अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची के संबंध में दावा और आपत्तियां आमंत्रित किया।

7. उन्होंने यह भी तर्क प्रस्तुत किया कि दिनांक 31-07-1998 को जिला पंचायत, सरगुजा ने चयन समिति को अंतिम चयन सूची जारी न करने का निर्देश दिया था। दिनांक 31-07-1998 को आवेदक ने चयन प्रक्रिया को अगले आदेश तक रोकने का आदेश पारित किया। दिनांक 03-08-1998 को आवेदक का स्थानांतरण सीईओ जनपद पंचायत, लखनपुर के पद पर कर दिया गया। दिनांक 03-08-1998 को ही विशेष समिति द्वारा कलेक्टर के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने शिकायतों के बारे में जांच किया। दिनांक 10-09-1998 को विशेष समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर सरगुजा ने 11 उम्मीदवारों का साक्षात्कार जिन्हें कथित तौर पर चयन समिति के सदस्यों के रिश्तेदार बताया गया था, फिर से आयोजित करने का आदेश पारित किया। इसके बाद दिनांक 20-09-1998 को सीईओ, वाड्रफनगर ने अंतिम चयन सूची प्रकाशित किया ।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

8. उन्होंने आगे तर्क प्रस्तुत किया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 69 में रिश्तेदार की परिभाषा दी गई है, जिसमें अभ्यर्थी लता जायसवाल आवेदक की रिश्तेदार की परिभाषा में नहीं आती है। इसके अलावा, आवेदक उस चयन समिति का सदस्य नहीं था जिसमें वह अभ्यर्थी के रूप में उपस्थित हुई थी। बल्कि, आवेदक ने चयन सूची के अंतिम रूप से पहले आपत्ति भी की थी। अभियोजन पक्ष का मामला यह नहीं है कि आवेदक ने साक्षात्कार आयोजित किया है और अपने पद का लाभ उठाया है। आवेदक द्वारा अंतिम चयन सूची को मंजूरी प्रदान नही किया गया, और उससे पहले ही उसका स्थानांतरण दूसरे स्थान पर कर दिया गया।

9. उन्होंने आगे तर्क प्रस्तुत किया कि यदि आरोप-पत्र में उपलब्ध सामग्री को यथावत लिया जाए, तो भी कोई सारभूत आरोप नहीं पाया गया है और न ही विरचित किया गया है। जिस व्यक्ति पर आरोप है कि उसने कथित तौर पर आवेदक से लाभ उठाया है, वह अभी भी काम कर रहा है और उसके चयन को बरकरार रखा गया है। आवेदक के मामले में छ.ग पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 लागू नहीं होता है। वह शासकीय कर्मचारी है, पंचायत का पदाधिकारी नहीं है। उचित आरोप के अभाव में आवेदक अपना बचाव नहीं कर सका। आरोप-पत्र में धारा 13 (1) (ए) से (ई) के कोई घटक नहीं हैं, इसलिए, विचारण न्यायालय ने पीसी एक्ट की धारा 13 (1) के अपराध के लिए कोई आरोप विरचित नहीं किया है। आवेदक ने किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं किया है, इसलिए, आरोप की अंतर्वस्तु स्पष्ट नहीं है। वे साक्षात्कार बोर्ड के सदस्य नहीं थे और जब अंतिम चयन सूची प्रकाशित हुई तब वह वहां नहीं थे और उनका स्थानांतरण हो चुका था। भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ख के घटक भी पूरे आरोप पत्र में मौजूद नहीं हैं।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

10. आवेदक के विद्वान अधिवक्ता ने "विनुभाई रणछोड़भाई पटेल बनाम राजीवभाई दुदाभाई पटेल" 2018 (7) एस.सी.सी 743, "संतोष कुमारी बनाम जम्मू और कश्मीर राज्य" 2011 (9) एस.सी.सी 234, "सुशील सेठी बनाम अरुणाचल प्रदेश राज्य" 2020 (3) एस.सी.सी 240, "पेप्सी फूड्स लिमिटेड बनाम विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट" 1998 (5) एस.सी.सी 749, "डी. देवराज बनाम ओवासी सबीर हुसैन" 2020 (7) एस.सी.सी 695, "हरियाणा राज्य बनाम भजन लाल" 1992 सप (1) एस.सी.सी 335, "मैरियम फैसुद्दीन बनाम थाना अदुगोडी द्वारा राज्य" 2023 एस.सी.सी ऑनलाइन एस.सी 58 निर्णयों, और इस न्यायालय की माननीय खंडपीठ द्वारा सीआर.एम.पी. क्रमांक 1488/2023,**"**गुरजिंदर पाल सिंह बनाम छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य**"** में पारित आदेश दिनांक 13-11-2024 पर भरोसा जताया है।

11. इसके विपरीत, राज्य के विद्वान अधिवक्ता ने आवेदक के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्कों का पुरजोर विरोध किया और तर्क प्रस्तुत किया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, वाड्रफ नगर होने के नाते वे शिक्षाकर्मी ग्रेड-**III** की चयन समिति के पदेन अध्यक्ष थे। यह एकमात्र आरोप नहीं है कि उन्होंने अपनी रिश्तेदार लता जायसवाल को नियुक्त किया था, अन्य आरोप यह भी है कि उन्होंने अन्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए रिश्वत लिया था और दस्तावेजों में हेरफेर किया था। संतोष कुमार एवं लाल बहादुर के कथन से ज्ञात होता है कि अभियुक्तगणों ने उनसे रिश्वत की मांग की थी, तथा जब वे रिश्वत की राशि नहीं दे सके, तो उनका चयन नहीं हुआ। पहलुराम कुशवाह के कथन से ज्ञात होता है कि वर्तमान आवेदक सी.एल. जायसवाल साक्षात्कार बोर्ड के सदस्य थे, तथा सभी प्रश्न उनके द्वारा पूछे गए थे। उन्होंने सह-अभियुक्त सीताराम कुशवाहा के निर्देश पर अंक आवंटित किए, जिन्होंने उनसे रिश्वत की मांग किया था, तथा जब उन्होंने रिश्वत की राशि नहीं दिया, तब साक्षात्कार में उन्हें बहुत कम अंक

दिये गये। राममिलन प्रसाद का कथन है कि उन्होंने वर्तमान आवेदक को रिश्वत दिया था, तथा जब उनका चयन नहीं हुआ, तब उन्होंने पूरी राशि उन्हें वापस कर दिया। जयशंकर प्रसाद उपाध्याय एवं दुखेश्वर प्रसाद का कथन है, जिन्होंने शिक्षाकर्मी ग्रेड-**III** के चयन की दूषित प्रक्रिया के बारे में भी कहा। कंसराज सिंह, जो जनपद पंचायत, वाड्रफनगर के सदस्य तथा चयन समिति के सदस्य भी थे, के कथन से यह पता चलता है कि वर्तमान आवेदक ने अभ्यर्थियों को कोरे कागज पर अंक दिए तथा उस पर साक्षात्कार बोर्ड के सदस्यों के हस्ताक्षर प्राप्त किए तथा बाद में लिपिक द्वारा सारणी में भर दिया गया। उन्होंने चयन प्रक्रिया में हुए भ्रष्टाचार के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि उन्होंने कलेक्टर से शिकायत किया है। इसी आशय का कथन हरीस अब्दुल्ला तथा राजीव प्रसाद गुप्ता ने भी किया है। उन्होंने आगे यह भी तर्क प्रस्तुत किया कि विद्वान विचारण न्यायालय ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) के तहत आपराधिक कदाचार के लिए आरोप विरचित किया है तथा आरोप-पत्र में पर्याप्त सामग्री है, जो प्रथम दृष्टया दर्शाती है कि वर्तमान आवेदक उक्त अपराध का दोषी है। इसके अलावा, सुनियोजित षड्यंत्र या सामान्य आशय का कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं हो सकता है, लेकिन आरोपी के आचरण से भी इसका अनुमान लगाया जा सकता है। चयन प्रक्रिया के पूरे प्रकरण और वर्तमान आवेदक की स्थिति, उसके खिलाफ लगाए गए आरोप और गवाहों के बयान को देखते हुए यह स्पष्ट है कि अभिलेख पर पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है कि वर्तमान आवेदक ने अन्य सह-अभियुक्तगणों के साथ साजिश रची और अपराध किया। उन्होंने आगे तर्क प्रस्तुत किया है कि विद्वान विचारण न्यायालय के पास दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 216 के तहत आरोप को संशोधित करने या निर्णय पारित करने से पहले एक नया आरोप विरचित करने का पर्याप्त अधिकार है। उन्होंने "के. रवि बनाम तमिलनाडु राज्य", 2024 एस.सी.सी ऑनलाइन एस.सी 2283 के फैसले पर भरोसा जताया है।

WebCopy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

12. राज्य के विद्वान अधिवक्ता ने यह भी तर्क प्रस्तुत किया है कि आरोप विरचित करते समय विचारण न्यायालय को अभिलेख पर मौजूद साक्ष्यों की सूक्ष्मता से जांच करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि केवल इस बात पर विचार करना है कि विचारण को आगे बढ़ाने के लिए प्रथम दृष्टया साक्ष्य मौजूद है या नहीं, भले ही इसका परिणाम दोषमुक्ति हो या दोषसिद्धि। उन्होंने **"**राज्य (दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) बनाम शिव चरण बंसल और अन्य**"**, 2020 (2) एस.सी.सी 290, और **"**गुजरात राज्य बनाम दिलीप सिंह किशोरसिंह राव**"**, 2023 एस.सी.सी ऑनलाइन एस.सी 1294 के फैसले पर भरोसा जताया है।

13. मैंने पक्षकारों के विद्वान अधिवक्तागण को सुना है और याचिका के साथ संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया है।

14. आरोप विरचित करने के चरण में न्यायालय को अभिलेख पर मौजूद साक्ष्यों की सावधानीपूर्वक जांच करने और संक्षिप्त विचारण करने की आवश्यकता नहीं है। न्यायालय केवल इस बात पर विचार करेगा कि प्रथम दृष्टया साक्ष्य मौजूद है या नहीं, ताकि विचारण आगे बढ़ाया जा सके। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने **मध्य प्रदेश राज्य बनाम दीपक 2019 (13) एस.सी.सी 62** के मामले में सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं, जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि आरोप विरचित करने के चरण में न्यायालय को केवल यह पता लगाने के लिए साक्ष्यों पर विचार करना है कि क्या यह उपधारित करने का कोई आधार है कि अभियुक्त ने अपराध किया है। यह भी अभिनिर्धारित किया है कि न्यायालय को अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री

और दस्तावेजों का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यदि उनसे प्रकट वाले तथ्यों को यथावत लिया जाए तो कथित अपराध के सभी तत्वों का अस्तित्व दर्शित होता है और आरोप विरचित करने के चरण में, न्यायालय को अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य की विवेचन करने और आरोपों पर गुण-दोष के आधार पर विचार करने और दर्ज किए गए साक्ष्य के आधार पर यह पता लगाने की आवश्यकता नहीं है कि दोषी ठहराया जा सकता है या नहीं। दीपक (पूर्वोक्त) के मामले में, अपने निर्णय में, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि:-

> 16. यह भी उल्लेख किया गया कि आरोप विरचित करने के चरण में न्यायालय को केवल यह पता लगाने के लिए साक्ष्यों पर विचार करना होता है कि क्या यह उपधारित करने का कोई आधार है कि अभियुक्त ने अपराध किया है: (चित्रेश कुमार चोपड़ा मामला [चित्रेश कुमार चोपड़ा बनाम राज्य (दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), (2009) 16 एस.सी.सी 605:(2010) 3 एस.सी.सी (क्रि) 367], एस.सी.सी पृष्ठ 613, पैरा 25)
>
> " 25. यह सामान्य बात है कि आरोप तय करने के चरण में न्यायालय को अभिलेख पर सामग्री और दस्तावेजों का मूल्यांकन करने की आवश्यकता होती है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या उनसे प्रकट होने वाले तथ्य, को यथावत लिया गया है, कथित अपराध या अपराधों को बनाने वाले सभी तत्वों के अस्तित्व का खुलासा करते हैं। इसके लिए सीमित समय दिया जाना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए, न्यायालय साक्ष्यों की जांच कर सकता है क्योंकि प्रारंभिक चरण में भी अभियोजन पक्ष द्वारा कही गई सभी बातों को सत्य मानने की अपेक्षा नहीं किया जा सकता। इस स्तर पर, न्यायालय को केवल यह पता लगाने के लिए सामग्री पर विचार करना है कि क्या यह मानने का आधार है कि अभियुक्त ने कोई अपराध किया है, न कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने के उद्देश्य से कि इससे दोषसिद्धि होने की संभावना नहीं है।"

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

15. **मंजीत सिंह विरदी बनाम हुसैन मोहम्मद शतफ 2023 (7) एस.सी.सी 633** के मामले में, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय के पैरा 12 में अभिनिर्धारित किया है कि:-

> 12. इस मुद्दे पर विधि को इस न्यायालय द्वारा वर्तमान में दिये गये निर्णयों राजस्थान राज्य बनाम अशोक कुमार कश्यप [राजस्थान राज्य बनाम अशोक कुमार कश्यप, (2021) 11 एस.सी.सी 191: (2022) 1 एस.सी.सी (क्रि) 286] में संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। सुसंगत पैरा नीचे उद्धृत किए गए हैं: (एस.सी.सी पृष्ठ 197-98, पैरा 11)
>
> > "11. ... 11.1. पी. विजयन बनाम केरल राज्य [पी. विजयन बनाम केरल राज्य, (2010) 2 एस.सी.सी 398: (2010) 1 एस.सी.सी (क्रि.) 1488] में, इस न्यायालय के पास धारा 227 दंड प्रक्रिया संहिता पर विचार करने का अवसर था। आरोप विरचित और/या उन्मोचित करते समय किन बिंदुओं पर विचार किया जाना आवश्यक है, इस पर उक्त

निर्णय में विस्तार से विचार किया गया है। यह देखा गया है और अभिनिर्धारित किया गया है कि धारा 227 के चरण में, न्यायाधीश को केवल यह पता लगाने के लिए साक्ष्यों का मूल्यांकन करना है कि अभियुक्त के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार है या नहीं। यह देखा गया है कि दूसरे शब्दों में, आधारों की पर्याप्तता पुलिस द्वारा दर्ज किए गए साक्ष्य या न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की प्रकृति को भी इसमें शामिल किया गया है, जो स्पष्ट रूप से यह प्रकट करते हैं कि अभियुक्त के विरुद्ध संदेहास्पद परिस्थितियाँ हैं, जिससे उसके विरुद्ध आरोप विरचित किया जा सके। यह भी कहा गया है कि यदि न्यायाधीश इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं, तो वे दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 228 के अंतर्गत आरोप विरचित करेंगे, यदि नहीं, तो वे अभियुक्त को दोषमुक्त कर देंगे। यह भी कहा गया है कि अभियोजन पक्ष द्वारा मुकदमे के लिए मामला बनाया गया है या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए मामले के तथ्यों पर अपने न्यायिक विचार का प्रयोग करते समय न्यायालय के लिए मामले के गुण-दोष में जाना या साक्ष्यों और संभावनाओं का वजन और संतुलन करना आवश्यक नहीं है, जो वास्तव में विचारण शुरू करने के बाद न्यायालय का कार्य है।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

11.2. कर्नाटक राज्य बनाम एम.आर. हिरेमथ [कर्नाटक राज्य बनाम एम.आर. हिरेमथ, (2019) 7 एस.सी.सी 515: (2019) 3 एस.सी.सी (क्रि.) 109: (2019) 2 एस.सी.सी (एल.एंड.एस) 380] में इस न्यायालय द्वारा दिये गये वर्तमान के निर्णय में, पीठ की ओर से बोलते हुए हममें से एक (डी.वाई. चंद्रचूड़, जे.) ने पैरा 25 में निम्नलिखित अवलोकन किया है: (एस.सी.सी पृष्ठ 526)

> "25. उच्च न्यायालय [हिरेमथ बनाम कर्नाटक राज्य, 2017 एस.सी.सी ऑनलाइन कर 4970] को इस तथ्य का संज्ञान होना चाहिए था कि विचारण न्यायालय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 239 के प्रावधानों के तहत उन्मोचन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर रहा था। इस अधिकार क्षेत्र के प्रयोग को नियंत्रित करने वाले मापदंडों को इस न्यायालय के कई निर्णयों में अभिव्यक्ति मिली है। विधि का एक स्थापित सिद्धांत है कि उन्मोचन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर विचार करने के चरण में न्यायालय को यह मानकर आगे बढ़ना चाहिए कि अभियोजन पक्ष द्वारा अभिलेख पर लाया गया सामग्री सही है और सामग्री का मूल्यांकन यह निर्धारित करने के लिए किया जाना चाहिए कि क्या सामग्री से प्रकट वाले तथ्य, यथावत लिये जाने पर, अपराध का गठन करने के लिए आवश्यक अवयवों के अस्तित्व का खुलासा करते हैं। तमिलनाडु राज्य बनाम एन सुरेश राजन [तमिलनाडु राज्य] बनाम एन. सुरेश राजन, (2014) 11 एस.सी.सी 709 : (2014) 3 एस.सी.सी (क्रि.) 529 : (2014) 2 एस.सी.सी (एल एंड एस) 721],

इस विषय पर पहले के निर्णयों को ध्यान में रखते हुए, इस न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि (एन. सुरेश राजन मामला [तमिलनाडु राज्य बनाम एन. सुरेश राजन, (2014) 11 एस.सी.सी 709 : (2014) 3 एस.सी.सी (क्रि) 529 : (2014) 2 एस.सी.सी (एल एंड एस) 721], एस.सी.सी पृष्ठ 721-22, पैरा 29)

"29. ... इस स्तर पर, सामग्री के प्रामाणिक मूल्य पर विचार किया जाना चाहिए और न्यायालय से इस मामले में गहराई से जाने और यह मानने की अपेक्षा नहीं की जाती है कि सामग्री से दोषसिद्धि नहीं किया जा सकता। हमारी राय में, क्या विचार करने की आवश्यकता है यह है कि क्या यह मानने का कोई आधार है कि अपराध किया गया है और यह नहीं कि क्या अभियुक्त को दोषी ठहराने का कोई आधार बनाया गया है। दूसरे शब्दों में, यदि न्यायालय को लगता है कि अभियुक्त ने अभिलेख पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर अपराध किया है, तो वह आरोप विरचित कर सकता है; हालांकि दोषसिद्धि के लिए न्यायालय को इस निष्कर्ष पर पहुंचना होगा कि अभियुक्त ने अपराध किया है। विधि इस स्तर पर संक्षिप्त विचारण की अनुमति नहीं देता है।"

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

16. इसके अलावा, राज्य द्वारा एस.पी एस.पी.ई सीबीआई बनाम उत्तमचंद बोहरा, 2022 (16) एस.सी.सी 663, के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय के पैरा 21 में अभिनिर्धारित किया है कि:-

21. सीबीआई बनाम के.नारायण राव [सीबीआई बनाम के. नारायण राव, (2012) 9 एस.सी.सी 512: (2012) 4 एस.सी.सी (सिविल) 737: (2012) 3 एस.सी.सी (क्रि.) 1183] में इस न्यायालय ने आपराधिक मामले में अभियुक्तों को उन्मोचित करने से संबंधित लागू मापदंड के प्रश्न से निपटने वाले पिछले निर्णयों की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित शब्दों में सिद्धांतों को संक्षेप में प्रस्तुत किया है: (एस.सी.सी पृष्ठ 520-23, पैरा 12-14)

"12. रमेश सिंह [बिहार राज्य बनाम रमेश सिंह, (1977) 4 एस.सी.सी 39: 1977 एस.सी.सी (क्रि.) 533] में पहला निर्णय अभियुक्त को दोषमुक्त करने या मुकदमा चलाने के बारे में विचार करने के लिए संहिता की धारा 227 और 228 की व्याख्या से संबंधित है। उक्त निर्णय का पैरा 4 सुलभ संदर्भ हेतु प्रस्तुत है जो इस प्रकार है: (एस.सी.सी पृष्ठ 41-42)

'4. संहिता की धारा 226 के तहत अभियोजन पक्ष के लिए मामला प्रारंभ करते समय अभियोजन को अभियुक्त के खिलाफ आरोप का वर्णन करना होता है और यह बताना होता है कि वह अभियुक्त के अपराध को साबित करने के लिए किन साक्ष्यों का प्रस्ताव करता है। इसके बाद प्रारंभिक चरण में न्यायालय का कर्तव्य मामले के अभिलेख

और उसके साथ प्रस्तुत दस्तावेजों पर विचार करना और उस संबंध में अभियुक्त और अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनना होता है। इसके बाद न्यायाधीश को संहिता की धारा 227 या धारा 228 के तहत आदेश पारित करना होगा। यदि न्यायाधीश का मानना है कि अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं है, तो वह अभियुक्त को दोषमुक्त कर देगा और ऐसा करने के उसके कारणों को दर्ज करेगा, जैसा कि धारा 227 में कहा गया है। दूसरी ओर, यदि न्यायाधीश की राय है कि यह मानने का आधार है कि अभियुक्त ने ऐसा अपराध किया है जो-...(ख) न्यायालय द्वारा अनन्य रूप से विचारणीय है,तो वह अभियुक्त के विरुद्ध लिखित रूप में आरोप विरचित करेगा, जैसा कि धारा 228 में प्रावधान है। दोनों प्रावधानों को एक साथ पढ़ने पर, जैसा कि होना चाहिए, यह स्पष्ट है कि मुकदमे की शुरुआत और प्रारंभिक चरण में अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्य की सच्चाई, सत्यता और प्रभाव का सावधानीपूर्वक अवलोकन नहीं किया जाना चाहिए। न ही अभियुक्त के संभावित बचाव को कोई महत्व दिया जाना चाहिए। मुकदमे के उस चरण में न्यायाधीश के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह इस बात पर विस्तार से विचार करे और संवेदनशील तराजू पर तौलें कि यदि तथ्य सिद्ध हो जाते हैं तो वे अभियुक्त की निर्दोषता के साथ असंगत है या नहीं। परीक्षण और निर्णय का वह मानक जिसे अभियुक्त के दोषी होने या न होने के बारे में निष्कर्ष दर्ज करने से पहले अंतिम रूप से लागू किया जाना है, उसे संहिता की धारा 227 या धारा 228 के तहत मामले का फैसला करने के चरण में बिल्कुल लागू नहीं किया जाना चाहिए। उस चरण में न्यायालय को यह नहीं देखना चाहिए कि अभियुक्त को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त आधार है या नहीं या क्या मुकदमे का अंत उसके दोषी ठहराए जाने के साथ होना निश्चित है। यदि मामला संदेहास्पद है तो अभियुक्त के खिलाफ गहरा संदेह मुकदमे के समापन पर उसके दोषी होने के सबूत का स्थान नहीं ले सकता। लेकिन प्रारंभिक चरण में यदि कोई प्रबल संदेह है जिसके कारण न्यायालय को लगता है कि यह मानने का आधार है कि अभियुक्त ने कोई अपराध किया है, तो न्यायालय यह नहीं कह सकता कि अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं है। अभियुक्त के अपराध का अनुमान जो प्रारंभिक चरण में लगाया जाना है, वह फ्रांस में आपराधिक मामलों के परीक्षण को नियंत्रित करने वाले कानून के अर्थ में नहीं है, जहाँ अभियुक्त को तब तक दोषी माना जाता है जब तक कि इसके विपरीत साबित न हो जाए। लेकिन यह केवल प्रथम दृष्टया यह तय करने के उद्देश्य से है कि न्यायालय को विचारण में आगे बढ़ाना चाहिये या नहीं। यदि अभियोक्ता द्वारा अभियुक्त के अपराध को साबित करने के लिए प्रस्तुत किया जाने वाला साक्ष्य, भले ही उसे प्रतिपरीक्षण में चुनौती दिए जाने या बचाव पक्ष द्वारा खंडन किए जाने

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

से पहले पूरी तरह स्वीकार कर लिया गया हो, यह नहीं दिखा सकता कि अभियुक्त ने अपराध किया है, तो मुकदमे को आगे बढ़ाने के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं होगा। परिस्थितियों की एक विस्तृत सूची यह इंगित करने के लिए कि कौन सी बात किसी निष्कर्ष पर ले जाएगी, न तो संभव है और न ही उचित है। हम कानून के अंतर को एक और उदाहरण से स्पष्ट कर सकते हैं। यदि अभियुक्त के अपराध या निर्दोषता के बारे में तराजू मुकदमे के समापन पर कुछ हद तक समान हैं, तो संदेह के लाभ के सिद्धांत पर मामला उसके दोषमुक्त होने पर समाप्त होगा। लेकिन अगर, दूसरी ओर, धारा 227 या धारा 228 के तहत आदेश देने के प्रारंभिक चरण में ऐसा है, तो ऐसी स्थिति में आमतौर पर जो आदेश देना होगा वह धारा 228 के तहत होगा न कि धारा 227 के तहत।'

13. संहिता की धारा 227 के तहत अभियुक्तों के उन्मोचित किये जाने के संबंध में इस न्यायालय द्वारा पी. विजयन [पी. विजयन बनाम केरल राज्य, (2010) 2 एस.सी.सी 398: (2010) 1 एस.सी.सी (क्रि.) 1488] में व्यापक रूप से विचार किया गया था, जिसमें इसे निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया गया था: (एस.सी.सी पृष्ठ क्रमांक 401-402, पैरा 10-11)

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

'10. ... यदि दो दृष्टिकोण संभव हैं और उनमें से एक गंभीर संदेह से अलग केवल संदेह को जन्म देता है, तो विचारण करने वाले न्यायाधीश को अभियुक्त को बरी करने का अधिकार होगा और इस स्तर पर उसे यह नहीं देखना है कि विचारण दोषसिद्धि या दोषमुक्त में समाप्त होगा या नहीं। इसके अलावा, "अभियुक्त के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार नहीं" शब्द स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि न्यायाधीश अभियोजन पक्ष के कहने पर आरोप विरचित करने हेतु मात्र डाकघर नहीं है, बल्कि अभियोजन पक्ष द्वारा विचारण के लिए मामला बनाया गया है या नहीं यह निर्धारित करने के लिए उसे मामले के तथ्यों पर अपने न्यायिक मस्तिष्क का इस्तेमाल करना होगा। इस तथ्य का आकलन करते समय, न्यायालय के लिए मामले के गुण दोष का आंकलन करना या साक्ष्य और संभावनाओं का वजन और संतुलन करना आवश्यक नहीं है, जो वास्तव में विचारण शुरू होने के बाद न्यायालय का कार्य है।

11. धारा 227 के चरण में, न्यायाधीश को केवल साक्ष्यों की जांच करनी होती है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अभियुक्त के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार है या नहीं। दूसरे शब्दों में, आधार की पर्याप्तता पुलिस द्वारा दर्ज किए गए साक्ष्य या न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की प्रकृति को ध्यान में रखेगी जो स्पष्ट रूप से यह प्रकट करते हैं कि अभियुक्त के खिलाफ संदिग्ध परिस्थितियाँ हैं ताकि उसके खिलाफ आरोप विरचित किया जा सके।

14. सज्जन कुमार [सज्जन कुमार बनाम सीबीआई, (2010) 9 एस.सी.सी 368: (2010) 3 एस.सी.सी (क्रि.) 1371] में पुनः उन्हीं प्रावधानों अर्थात आरोप विरचित करने और अभियुक्तों को दोषमुक्त करने पर विचार करते हुए, इस न्यायालय ने इस प्रकार निर्णय दिया: (एस.सी.सी पृ. 375-77, पैरा 19-21)

> 19. यह स्पष्ट है कि प्रारंभिक चरण में, यदि कोई प्रबल संदेह है जिसके कारण न्यायालय को लगता है कि यह मानने का आधार है कि अभियुक्त ने कोई अपराध किया है, तो न्यायालय के लिए यह कहना उचित नहीं है कि अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं है। अभियुक्त के दोष की जो धारणा प्रारंभिक चरण में बनाई जानी है, वह केवल प्रथम दृष्टया यह तय करने के उद्देश्य से है कि न्यायालय को विचारण करना चाहिए या नहीं। यदि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्य अभियुक्त के अपराध को साबित करते हैं, भले ही उसे प्रति -परीक्षण में चुनौती दिए जाने से पहले पूरी तरह से स्वीकार कर लिया गया हो या बचाव पक्ष द्वारा साक्ष्य, यदि कोई हो, द्वारा खंडन किया गया हो, यह नहीं दिखा सकता कि अभियुक्त ने अपराध किया है, तो मुकदमा चलाने के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं होगा।
>
> 20. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 209 के तहत किसी मामले की जांच करने वाले मजिस्ट्रेट को केवल डाकघर के रूप में कार्य नहीं करना चाहिए और उसे इस निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए कि उसके समक्ष मामला सत्र न्यायालय में उपार्पित करने लिए उपयुक्त है या नहीं। वह अभिलेख पर सामग्री की जांच और मूल्यांकन करने का हकदार है, लेकिन केवल यह देखने के लिए कि क्या उपार्पित करने हेतु के लिए पर्याप्त सबूत हैं, न कि क्या दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त सबूत हैं। यदि कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं है या सबूत पूरी तरह से विश्वास के योग्य नहीं है, तो मजिस्ट्रेट का कर्तव्य है कि वह अभियुक्त को दोषमुक्त करे, दूसरी ओर, यदि कोई सबूत है जिस पर दोषसिद्धि उचित रूप से आधारित हो सकती है, तो उसे मामले को उपार्पित करना चाहिए। यह भी स्पष्ट है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 227 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते समय, मजिस्ट्रेट को मामले के गुण- दोष के संबंध में फालतू जाँच नहीं करनी चाहिए और सबूतों का मूल्यांकन इस तरह नहीं करना चाहिए जैसे कि वह कोई विचारण कर रहा हो।
>
> दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 227 और 228 के तहत अधिकारिता का प्रयोग-

21. धारा 227 और 228 के दायरे के बारे में अधिकारिता के सम्बन्ध में विचार-विमर्श के बाद, निम्नलिखित सिद्धांत सामने आते हैं:

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

(i) दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 227 के तहत आरोप विरचित करने के सवाल पर विचार करते समय न्यायाधीश के पास सबूतों को छांटने और तौलने का निस्संदेह अधिकार है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं। प्रथम दृष्टया मामला निर्धारित करने का परीक्षण प्रत्येक मामले के तथ्यों पर निर्भर करेगा।

(ii) जहां न्यायालय के सामने रखी गई सामग्री आरोपी के खिलाफ गंभीर संदेह प्रकट करती है, जिसे ठीक से स्पष्ट नहीं किया गया है, न्यायालय आरोप तय करने और मुकदमे को आगे बढ़ाने में पूरी तरह से न्यायसंगत होगी।

